हादसा

नैनपुर के ईश्वरपुर में भीषण टक्कर से दुकान के उड़े परखच्चे, बाल-बाल बची बुजुर्ग महिला, बड़ा हादसा टला

# अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर मकान और दुकान में घुसा






**नैनपुर, नवभारत।** नैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ईश्वरपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मंडला की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार डंपर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान और दुकान में जा घुसा।

बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर वहीं पर पलट गया, जिससे दुकान का शटर और दीवारें पूरी तरह जमींदोज हो गईं। गनीमत यह रही कि इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और मकान में मौजूद सदस्य सुरक्षित बच गए।

### साइकिल रिपेयरिंग और जूते-चप्पल की दुकान क्षतिग्रस्त

यह दर्दनाक हादसा देवेंद्र अहिरवार की 56 वर्षीय नानी हिरन बाई अहिरवार के मकान में हुआ। मकान के सामने वाले हिस्से में साइकिल रिपेयरिंग और जूते-चप्पल की दुकान संचालित की जा रही थी, जिसे इस टक्कर से भारी नुकसान पहुंचा है। दुकान का शटर और दीवारें पूरी तरह टूट चुकी हैं। अच्छी बात यह रही कि दुर्घटना के समय दुकान बंद थी और वहां कोई ग्राहक या परिवार का सदस्य मौजूद नहीं था। गृहस्वामी हिरन बाई मकान के दूसरे हिस्से में थीं, जिसके कारण वे पूरी तरह सुरक्षित रहीं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन के समय या दुकान खुली होने के दौरान होता, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी।

### मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

बताया जाता है कि इस हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और नैनपुर थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

**नींद की झपकी या स्टेयरिंग लॉक होने की आशंका**

जानकारी अनुसार मंडला की दिशा से आ रहा डंपर अचानक नियंत्रण खो बैठा। स्थानीय लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना का कारण चालक को नींद की झपकी आना या वाहन का स्टीयरिंग अचानक लॉक हो जाना हो सकता है। हालांकि हादसे की वास्तविक वजह क्या थी, इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो पाएगी।

# लिफ्ट में फंसे 7 बच्चे, हलक में फंसी रहीं सांसें

**ओवरलोडिंग के कारण बंद हुई लिफ्ट, नियमों को ताक पर रखकर हो रहा था संचालन**



**मंडला।** जिला मुख्यालय के पड़ाव क्षेत्र स्थित श्रीजी इन होटल में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। होटल में चल रही एक बर्थडे पार्टी के बाद घर लौट रहे करीब 7 बच्चे लिफ्ट में फंस गए। लगभग 15 से 20 मिनट तक लिफ्ट के भीतर बंद रहने के कारण बच्चों को घुटन और घबराहट होने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और वे तुरंत मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा खोलकर बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

जानकारी अनुसार पड़ाव मार्ग पर स्थित श्रीजी होटल में एक युवक ने अपने दोस्तों के लिए जन्मदिन की पार्टी रखी थी, जिसमें एक दर्जन से अधिक युवा शामिल हुए थे। देर रात पार्टी खत्म होने के बाद जब युवक घर लौटने लगे, तो उन्होंने नीचे उतरने के लिए लिफ्ट का सहारा लिया। बताया गया है कि उक्त लिफ्ट की क्षमता केवल 3 व्यक्तियों को ऊपर-नीचे ले जाने की है, लेकिन उसमें एक साथ 7 बच्चे सवार हो गए। क्षमता से अधिक वजन होने के कारण लिफ्ट बीच में ही जाम हो गई। शुरुआत में बच्चों को लगा कि बिजली गुल हुई है, लेकिन काफी देर तक कोई हलचल न होने पर वे चीखने-चिल्लाने लगे और परिजनों को फोन पर इसकी सूचना दी।

### होटल स्टाफ और परिजनों के बीच जमकर हुआ विवाद

इस घटना की खबर मिलते ही बदहवास परिजन होटल पहुंचे और बच्चों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान लिफ्ट को खोलने की प्रक्रिया में लिफ्ट का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे लेकर होटल स्टाफ और परिजनों के बीच तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते मौके पर भारी तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

इस घटना ने होटल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। आक्रोशित परिजनों का कहना है कि लिफ्ट बेहद सुस्त है और बिजली बाधित होने या तकनीकी खराबी की स्थिति में यहां कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। यहां तक कि फायर सेफ्टी के नियमों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लेकिन इसने शहर की बहुमंजिला इमारतों और होटलों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# आंधी-तूफान और बारिश से बबलिया में मची तबाही



**गिरे पेड़ और उड़े मकानों के छप्पर, बिजली ठप, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग**

**बबलिया।** बबलिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंडरी तलाई, पौड़ी और नैझर में विगत दिवस आए भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार वर्षा ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र के आम ग्रामीणों और निर्धन परिवारों को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी अनुसार अचानक इस तेज हवाओं के तांडव से क्षेत्र में लगे कई पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गए। तूफान का असर इतना भयानक था कि कई ग्रामीणों के मकानों की छत पर रखे खपरे और टीन-शेड हवा में उड़ गए, जिससे लोग खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो गए हैं।

**बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप** -आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र में बिजली के खंभे और तार टूटकर गिर गए हैं। विद्युत लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से पूरे इलाके की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। स्थानीय सरपंच राम चरण मसराम ने स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इस आपदा से ग्रामीण जनों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। शासन-प्रशासन को इस तबाही का संज्ञान लेना चाहिए। ग्रामीणों ने मांग कि है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर पीड़ित ग्रामीणों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा राशि प्रदान किया जाए।

# खेत तालाब और शेड निर्माण के नाम पर कागजी विकास का आरोप

**संचालित एनजीओ संस्थाओं के कार्यों की कलेक्टर से की जांच की मांग**



**निवास।** निवास और नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत वाटरशेड के साथ विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों द्वारा ग्रामीण विकास के नाम पर किए जा रहे कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इस घोटाले के विरोध में नारायणगंज जनपद पंचायत अध्यक्ष आसाराम भारतीया ने जिला कलेक्टर मंडला को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

जनपद अध्यक्ष ने अपने पत्र में तीखे आरोप लगाते हुए कहा है कि क्षेत्र में सक्रिय एनजीओ द्वारा तकनीकी प्राक्कलन के अनुसार तालाब निर्माण और गहरीकरण का कार्य नहीं कराया गया है। केवल कागजों में खानापूर्ति करके सरकारी राशि का आहरण कर लिया गया है।

**बिना सूचना पटल के लाखों का खेल**-शिकायत में बताया गया कि नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत चल रहे इन विकास कार्यों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। नियमों को ताक पर रखकर निर्माण स्थलों पर कोई सूचना बोर्ड या सूचना पटल नहीं लगाया गया है, जिससे ग्रामीणों को कार्य की लागत और तकनीकी विवरण की कोई जानकारी नहीं मिल पाती।

**उच्च स्तरीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई की मांग**-जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया ने कलेक्टर से मांग की है कि नारायणगंज और निवास विकासखंड में वाटरशेड सहित सक्रिय तमाम एनजीओ के पिछले वर्षों के कार्यों की भौतिक जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि जनता के हक के पैसे का दुरुपयोग करने वाली ऐसी संस्थाओं और दोषी अधिकारियों पर तत्काल कड़ी कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

**हितग्राहियों से लिए नक्शा-खसरा, पर मौके पर सब गायब**

शिकायत पत्र में वाटरशेड और आजीविका संवर्धन के नाम पर हुए घोटालों की जानकारी देते हुए बताया गया कि सूअर पालन, मुर्गा-मुर्गी पालन और बकरा-बकरी पालन के नाम पर केवल कागजों में शेड निर्माण दिखाकर राशि ठिकाने लगा दी गई। आम, जाम (अमरूद) के बगीचे, रतनजोत की खेती और पशुपालन के लिए स्वीकृत कार्य मौके से गायब हैं। स्थानीय गरीब किसानों से उनके खेतों के नक्शा-खसरा तो ले लिए गए, लेकिन आज तक एनजीओ के माध्यम से उन्हें किसी भी प्रकार का वास्तविक लाभ नहीं मिला।

# नारायणगंज में 28 को सजेगी सुरों की महफिल

**बड़ी खेरमाई मंदिर के नवनिर्माण पर शहनाज अख्तर बिखेरेंगी भजनों का जादू**



**नारायणगंज।** नारायणगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध सार्वजनिक बड़ी खेरमाई मंदिर के नवनिर्माण के उपलक्ष्य में आगामी 28 जून को भव्य भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक उत्सव को खास बनाने सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर नारायणगंज आ रही हैं। बताया गया कि सार्वजनिक बड़ी खेरमाई मंदिर का नव निर्माण और धार्मिक आयोजन बसंत चक्रवर्ती एवं उनकी धर्मपत्नी वंदना चक्रवर्ती द्वारा कराया गया है। आयोजन समिति बड़ी खेरमाई बड़ी माई सेवा समिति और नारायणगंज के समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील कि है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजनों का आनंद के साथ पुण्य लाभ अर्जित करें।

# प्रधानमंत्री कॉलेज के तीन एनसीसी कैडेटों का आर्मी में चयन

**बेंगलुरु, सिकंदराबाद और लखनऊ में लेंगे ट्रेनिंग**



**मंडला।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के तीन एनसीसी कैडेट अरविंद परस्ते, आदर्श ताराम और अभय परते का चयन आर्मी में हुआ है। चयनित कैडेट्स भारतीय सेना के विभिन्न सेंटर्स में अपनी ट्रेनिंग शुरू करेंगे। जिसमें आदर्श ताराम पैरा रेजीमेंट, बेंगलुरु ट्रेनिंग के लिए जाएंगे। अरविंद परस्ते एओसी सेंटर, सिकंदराबाद और अभय परते एएमसी सेंटर, लखनऊ जाएंगे।

**महाविद्यालय में हुआ भव्य स्वागत समारोह**-इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महाविद्यालय में एक विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां पूरा परिसर देशभक्ति के माहौल से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापकों ने छात्रों का हौसला बढ़ाया। प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि तुमने सम्मान और वीरता का जीवन चुना है, जिस पर हमें गर्व है। तुमने सिर्फ चयन प्रक्रिया ही पार नहीं की, बल्कि जीवन भर का गौरव अर्जित किया है। डॉ. टीपी मिश्रा ने कहा कि अब आप एक ऐसी विरासत का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जो लाखों लोगों को प्रेरित करती है। डॉ. भुवनेश्वर टेम्भरे ने छात्रों को भविष्य का नायक बताते हुए कहा कि अनुशासन से समर्थित सपने हमेशा सच होते हैं। डॉ. सिया शरण ज्योतिषी ने कहा कि देश की सेवा करना सर्वोच्च सम्मान है, जो इन छात्रों की मेहनत और देशभक्ति की बदौलत मिला है।

**वरिष्ठ प्राध्यापकों ने दी शुभकामनाएं**-कार्यक्रम में डॉ. दिलीप दुबे, डॉ. एसआर बघेल, डॉ. पीएल झरिया, डॉ. अर्जुन सिंह बघेल, डॉ. जुड़िका कुजूर, डॉ. अनीता झारिया, डॉ. केएल धुर्वे, डॉ. अंकिता बिसेन, डॉ. गुलबहार खान और डॉ. अनिल मरावी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उपस्थित रहकर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपने विचार व्यक्त किए।

**इनका कहना है**

1 एमपी आर्टि रेजीमेंट एनसीसी जबलपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कीर्ति सिन्हातरे के कुशल निर्देशन और प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में कैडेट लगातार जिला और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

**लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश धुर्वे, एनसीसी अधिकारी**

### छबिलाल बने कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**मंडला।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार और परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए मंडला के व्यवसायी छबिलाल कछवाहा को कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर विधायक नारायण सिंह पट्टा, चैनसिंह वरकड़े, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, नपा उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा सहित तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# 511 आवेदनों में से 223 का मौके पर हुआ निराकरण

**तीन दिवसीय खंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का समापन**



**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज जनपद सभाकक्ष में शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित तीन दिवसीय खंड स्तरीय जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। जिसका सफलता पूर्वक समापन किया गया। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन तेकाम द्वारा की गई।

शिविर का सफल संचालन पंचायत इंस्पेक्टर व प्रशासनिक कार्य निर्वहन सीईओ जेके पटेल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास और जनहित से जुड़े 11 प्रमुख विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अपनी स्टॉल लगाकर उपस्थित रहे। शिविर में मुख्य रूप से एनआरएलएम से श्रुतिसागर उपाध्याय, संजीव मोहर महिला एवं बाल विकास, संतोष मेश्राम स्वच्छ भारत मिशन, पंकज साहू मनरेगा और आशीष पांडे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विभागों के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

तीन दिनों तक चले इस वृहद शिविर में विभिन्न योजनाओं और समस्याओं से संबंधित कुल 511 आवेदन ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्रशासनिक मुस्तैदी दिखाते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही 223 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण कर हितग्राहियों को तुरंत राहत प्रदान की। वहीं शेष बचे 288 आवेदनों को विस्तृत जांच और अग्रिम वैधानिक प्रक्रिया के लिए प्रगति पर रखा गया है, जिनका जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

### जनपद उपाध्यक्ष ने दिए त्वरित कार्य के निर्देश

जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष बचे आवेदनों की जांच संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में पूरी की जाए, जिससे कोई भी पात्र ग्रामीण सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण जन, जनप्रतिनिधि और विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सोमेश, मयंक और गजेंद्र बने चाइल्ड पार्लियामेंट के मास्टर ट्रेनर**

# यूएन और सतत विकास लक्ष्यों पर मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण



**मंडला।** भोपाल में आयोजित दो दिवसीय मध्यप्रदेश एनजीओ मीट एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता के बाद मंडला के दो छात्रों और एक एनीमेटर को चिल्ड्रन पार्लियामेंट (बाल संसद) के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है। इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में जिले से अमल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल महाराजपुर के कक्षा 10वीं के छात्र सोमेश गुप्ता, केन्द्रीय विद्यालय मंडला के कक्षा 10वीं के छात्र मयंक ज्योतिषी और एनीमेटर के रूप में परंपरागत, जड़ी-बूटी एवं वैकल्पिक चिकित्सा विकास परिषद के अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीस संस्था प्रत्येक द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार अभिसमय, सतत विकास लक्ष्य और बाल सहभागिता पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

**नवंबर में दिल्ली जाने का मिलेगा अवसर**-प्रशिक्षण के बाद सोमेश, मयंक और गजेंद्र गुप्ता अब जिले में बाल संसद के सदस्यों को प्रशिक्षित करेंगे। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के इन बाल प्रतिनिधियों को मिलाकर एक राज्य स्तरीय फोरम बनेगा, जिससे चयनित बच्चे आगामी नवंबर माह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली नेशनल इनक्लूसिव चिल्ड्रन पार्लियामेंट में हिस्सा लेंगे।

# नैनपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग



**आम आदमी पार्टी ने रेलमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**नैनपुर।** मंडला-सिवनी मार्ग पर स्थित नैनपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रेलमंत्री और महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नैनपुर और नैनपुर स्टेशन मास्टर को सौंपा। इस दौरान पार्टी ने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञापन सौंपने से पहले आम आदमी पार्टी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्थानीय रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए। वहां से वे पैदल रैली के माध्यम से नारेबाजी करते हुए रेलमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने क्षेत्र की विकट समस्या को रेखांकित करते हुए कहा कि रेलवे फाटक बंद होने के कारण 100 बिस्तरीय अस्पताल जाने वाले मरीजों और एम्बुलेंस को मालगाड़ियों व सवारी ट्रेनों के चक्कर में लंबा इंतजार करना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज न मिलने से कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। इसके अलावा भीषण गर्मी और बरसात में भी राहगीर घंटों फाटक पर खड़े रहने को मजबूर हैं।

निरीक्षण

सिंगारपुर विद्यालय के निरीक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता, स्वच्छता और पालक संवाद पर दिया जोर

# शिक्षक माटीशिल्पी और विद्यार्थी हैं कच्ची मिट्टी : कलेक्टर



**मोहगांव, मंडला।** मोहगांव विकासखंड के प्रवास पर पहुंचे कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगारपुर का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद कर अध्यापन कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में आत्मीय चर्चा करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय भ्रमण के पश्चात प्राचार्य कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने शिक्षकों को कहा कि शिक्षक माटीशिल्पी हैं और विद्यार्थी कच्ची मिट्टी। जिस प्रकार एक कुशल शिल्पकार मिट्टी को सुंदर आकार देकर उत्कृष्ट कलाकृति का निर्माण करता है, उसी प्रकार शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। बच्चों को जो दिशा और आकार आज मिलेगा, वही भविष्य में समाज और राष्ट्र का स्वरूप तय करेगा। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का विकास करना भी है। उन्होंने विशेष रूप से कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें अतिरिक्त मार्गदर्शन देने तथा नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर एवं कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास और बेहतर शिक्षण प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को नियमित रूप से विद्यार्थियों के पालकों से संपर्क करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिंगारपुर की सरपंच अंजली मार्को, एसडीएम घुघरी सचिन जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहगांव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव, विद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।